राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 को 11.30 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.	आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	आचार्य के.के. शुक्ला, अधिष्ठाता (संकाय कार्य)	-	सदस्य
3.	आचार्य बी.एन.राय, अधिष्ठाता (छात्र कार्य)	-	सदस्य
4.	डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव	-	सदस्य
5.	आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
6.	आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
7.	आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
8.	श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन)	-	सदस्य
9.	श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा)	-	सदस्य
10.	श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (राजभाषा)	-	सदस्य सचिव

अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) एवं उपाध्यक्ष, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 25 जून, 2019 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:

दिनांक 25 जून, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 25 जून, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 25 जून, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

क) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से उनके कार्यालय द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों का विवरण मंगवाया जाए एवं इसके आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई को प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति-पत्र दिया जाए।

ख) संस्थान से जारी होने वाली इंस्टीट्यूट न्यूज़लेटर "IIT (BHU) Connect" के मुख्य संपादक से पत्रिका के कुल पृष्ठों में से हिन्दी के लिए पृष्ठों का निर्धारण कर अवगत कराने का अनुरोध किया जाए।

ग) हिन्दी में पुस्तक लेखन हेतु जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उनसे पुस्तक लेखन से संबन्धित और विवरण मांगे जाएं तथा उक्त पुस्तक के पाठक समूह (reader group) के संबंध में भी जानकारी देने हेतु अनुरोध किया जाए।

गंगेश

206

घ) संस्थान के समन्वयक, क्यू.आई.पी (QIP) से हिन्दी में पुस्तक लेखन हेतु प्रदान की जाने वाली सहयोग राशि से संबन्धित प्रावधान से राजभाषा प्रकोष्ठ को अवगत कराने एवं तत्पश्चात पुस्तक लेखन हेतु संस्थान द्वारा प्रस्तावित रुपये 50000/- से 100000/- तक की धनराशि के निधीयन (फंडिंग) हेतु अनुरोध किया जाए।

मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार तिमाहियों की हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा।

समिति को संस्थान की पिछली चार तिमाहियों की हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति से अवगत कराया गया।

मद सं. 4: संस्थान में दिनांक 25.07.2019 को उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा किए गए राजभाषा निरीक्षण के उपरांत प्राप्त सुझावों पर चर्चा :

समिति को दिनांक 25.07.2019 को उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग द्वारा किए गए राजभाषा निरीक्षण एवं इसके उपरांत प्राप्त सुझावों से अवगत कराया गया और उन पर उचित कार्यवाही हेतु निर्णय लिया गया।

मद सं. 5: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा:

संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई जिसके उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

क) संस्थान की तरफ से भारतीय विज्ञान का इतिहास (History of Indian Sciences) पर एक पुस्तक को तैयार किया जाय, जिसके लिए समिति का निर्धारण व अन्य समस्त कार्यों के निर्वहन हेतु आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग से अनुरोध किया जाए।

ख) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों से शैक्षणिक फॉर्म द्विभाषी रूप *(हिन्दी एवं अंग्रेजी)* में तैयार करने का अनुरोध किया जाए।

ग) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों से विद्यार्थियों के थीसिस और डिजर्टेशन में विषय का शीर्षक (टाइटल), छात्र का नाम द्विभाषी रूप *(हिन्दी एवं अंग्रेजी)* में प्रस्तुत करवाने का अनुरोध किया जाए।

गंगेश
(गंगेश शाह गोंडवाना)
सदस्य सचिव

स्वाति
(स्वाति बिस्वास)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

सत्यवीर सिंह
(सत्यवीर सिंह)
सदस्य

(संजय कुमार पांडेय)
सदस्य

23/10/19
(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)
सदस्य

(शुभेन्दु प्रकाश माथुर)
सदस्य

(बी.एन.राय)
सदस्य

(के.के.शुक्ला)
सदस्य

(प्रमोद कुमार जैन) 28/10/19
अध्यक्ष